हिन्दी विश्वविद्यालय परीक्षाओं की

विवरण पत्रिका

संवत् २०१५ के लिए

हिन्दी साहित्य सम्मेलन के हिन्दी विश्वविद्यालय की सम्पूर्ण परीक्षाओं के नियमों, उपनियमों तथा पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों का पूर्ण विवरण

हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

विषय-सूची

अध्याय १

उपनियम

परीक्षाएँ

१. हिन्दी विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित परीक्षाएँ ली जायेंगी —

(क) प्रथमा, मध्यमा, उत्तमा, साहित्य महोपाध्याय, वैद्य विशारद, उपवैद्य, कृषि विशारद, सम्पादनकला विशारद, शीघ्रलिपि विशारद, शिक्षा विशारद तथा लिपिक।

(ख) राष्ट्रभाषा प्रारंभिक, राष्ट्रभाषा प्रवेश, राष्ट्रभाषा परिचय, राष्ट्रभाषा कोविद, राष्ट्रभाषा रत्न, हिन्दी कोविद तथा हिन्दी परिचय इन सब परीक्षाओं की व्यवस्था राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा करती है। इस संबंध में सारा पत्र-व्यवहार उक्त समिति के मंत्री से ही करना चाहिए।

२. हिन्दी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के स्थान, तिथि तथा समय प्रति वर्ष परीक्षा समिति द्वारा निश्चित किए जायेंगे।

हिन्दी विश्वविद्यालय की सम्वत् २०१५, शाके १८८०, सन् १९५८ की परीक्षाएँ शुक्रवार ता० २६ दिसम्बर १९५८ से आरंभ होंगी।

३. इन परीक्षाओं में लिखित और आवश्यकतानुसार मौखिक दोनों प्रकार से परीक्षार्थियों की परीक्षा ली जायगी। समस्त परीक्षाओं के लिए माध्यम हिन्दी भाषा और लिपि देवनागरी होगी। परन्तु इतर भाषाओं के प्रश्नपत्रों में उन भाषाओं की लिपियों का भी व्यवहार होगा।

४. हिन्दी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को—

(क) ३१ अगस्त १९५८ तक आवेदन-पत्र केन्द्र व्यवस्थापक को दे देना चाहिए। किन्तु केन्द्र व्यवस्थापक १ रुपया अतिरिक्त शुल्क के साथ ५ सितम्बर तक आवेदन-पत्र ले सकते हैं। जो आवेदन-पत्र केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा प्राप्त नहीं होंगे अथवा ठीक तरह नहीं भरे होंगे, उन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। केन्द्र व्यवस्थापक का कर्त्तव्य होगा कि वह आवेदनपत्रों को भली भांति जांच कर १० सितम्बर १९५८ तक परीक्षायोजक, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग को भेज दें।

(ख) परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क मनिआर्डर से सीधे हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग को भेज कर पोस्ट आफिस से प्राप्त रसीद आवेदन-पत्र पर चिपका देनी चाहिए।

जिस परीक्षार्थी की मनिआर्डर रसीद आवेदनपत्र के साथ नहीं आयेगी उसके आवेदनपत्र पर कोई विचार नहीं किया जायगा। योग्यता के अभाव में जो आवेदनपत्र अस्वीकृत होंगे उनकी सूचना रजिस्ट्री से परीक्षार्थी के पते पर भेज दी जायगी और परीक्षार्थी से प्रार्थनापत्र प्राप्त होने पर आधा शुल्क लौटाया जायगा।

(ग) जो वैकल्पिक विषय अथवा विषय समूह परीक्षार्थी लेना चाहें उनका स्पष्ट ब्यौरा आवेदन-पत्र में होना चाहिए। परीक्षार्थी आवेदनपत्र में जो विषय लिख देगा उसे परिवर्तन करने का कोई अधिकार नहीं है। विशेष परिस्थिति में परीक्षायोजक की स्वीकृति पर ५) अतिरिक्त शुल्क देकर ३० नवम्बर तक विषय बदले जा सकेंगे।

(घ) आवेदन-पत्र का मूल्य १९ नये पैसे है। आवेदन-पत्र मूल्य देकर निकटतम केन्द्र व्यवस्थापक से प्राप्त कर लेना चाहिए। पते सहित केन्द्रों की तालिका ५० नये पैसे भेजने पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(ङ) उत्तमा का आवेदन-पत्र उत्तमा तथा मध्यमा के केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा ही स्वीकार किया जायगा। प्रथमा के केन्द्र व्यवस्थापक प्रथमा तथा मध्यमा के आवेदन-पत्र भेज सकते हैं, उत्तमा के नहीं।

शुल्क

५. (क) हिन्दी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए निम्नलिखित शुल्क "अंक शुल्क सहित" नियत हैं —

प्रथमा	९ रुपये
मध्यमा	१३ रु०
उत्तमा (प्रथम खंड)	१३ रु०
उत्तमा (द्वितीय खंड)	१४ रु०
साहित्य महोपाध्याय	५० रु०
वैद्य विशारद (प्रति खंड)	९ रु०
उपवैद्य	९ रु०
कृपि विशारद	१३ रु०
सम्पादनकला विशारद	१३ रु०
शीघ्रलिपि विशारद	१३ रु०
शिक्षा विशारद	१३ रु०
लिपिक	४ रु०

परीक्षार्थियों को अंक भेजने के लिए केन्द्र को अतिरिक्त शुल्क तथा डाक व्यय नहीं देना होगा।

अस्थायी प्रमाणपत्र के लिए	५० नये पैसे
नाम परिवर्तन के लिए	५ रुपये

अंकानुसंधान शुल्क—

प्रथमा तथा उपवैद्य	२ रु० प्रति प्रश्नपत्र
उत्तमा, मध्यमा और अन्य विशारद	३ रु० प्रति प्रश्नपत्र

(ख) जो परीक्षार्थी अध्याय २ नियम ३ तथा अध्याय ३ नियम ५ के अनुसार केवल साहित्य विषय में परीक्षा देंगे उन्हें क्रमशः ९ रुपये और १३ रुपये शुल्क देना होगा।

(ग) जो परीक्षार्थी अध्याय १ उपनियम ११ (ग) या अध्याय ३

नियम ५ के अनुसार परीक्षा देंगे उन्हें प्रथमा परीक्षा के लिए ९ रुपये और मध्यमा परीक्षा के लिये १३ रुपये शुल्क देना होगा।

६. (अ) प्राप्तांक परीक्षाफल के साथ केन्द्रों को भेजे जायंगे। परीक्षार्थियों को अपने प्राप्तांक केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा प्राप्त होंगे। प्राप्तांक की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए पांच वर्ष तक १ रु० और उसके पश्चात् २ रु० शुल्क देना होगा।

(ब) जो परीक्षार्थी अपना मध्यमा तथा अन्य विशारद परीक्षाओं का उपाधिपत्र अथवा प्रथमा, उपवैद्य आदि का प्रमाण पत्र कार्यालय से सीधा मंगवाना चाहें वह ३० जून तक १ रु० ५० नये पैसे शुल्क कार्यालय को भेज दें। मनिआर्डर कूपन पर परीक्षार्थी को परीक्षा का नाम, अपना नाम, क्रम संख्या, केन्द्र का नाम तथा पता स्पष्ट लिख देना चाहिए।

(स) मध्यमा तथा प्रथमा के उपाधिपत्र और प्रमाणपत्र, परीक्षाफल घोषित होने के एक वर्ष के भीतर केन्द्र से प्राप्त कर लेने चाहिए। यदि इस अवधि के भीतर प्राप्त करने में कठिनाई पड़े तो हमें रजिस्ट्री से सूचना देनी चाहिए। अन्यथा कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व न रह जायगा।

७. प्रमाणपत्र अथवा उपाधिपत्र पाने के ५ वर्ष के भीतर खो जाने या नष्ट हो जाने पर प्रमाणपत्र के लिए २ रु० और उपाधिपत्र के लिए ५ रु० शुल्क तथा इसके बाद १० रु० शुल्क देने पर उसकी प्रतिलिपि प्राप्त हो सकेगी।

८. यदि कोई परीक्षार्थी अपना अंकानुसंधान कराना चाहता है तो वह प्रथमा तथा उपवैद्य के लिए २ रु० प्रति प्रश्नपत्र तथा मध्यमा, वैद्य विशारदादि एवं उत्तमा के लिए ३ रु० प्रति प्रश्नपत्र का मनिआर्डर सम्मेलन कार्यालय, प्रयाग को भेजे और प्रार्थना-पत्र के साथ मनिआर्डर की रसीद लगा कर प्रार्थना-पत्र परीक्षायोजक, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग को भेजना होगा।

यह प्रार्थना-पत्र परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक मास के भीतर कार्यालय में आ जाना चाहिए। जिस प्रार्थना-पत्र के साथ मनिआर्डर रसीद

नहीं होगी या प्रार्थना-पत्र में परीक्षा सम्बन्धी पूर्ण विवरण नहीं होगा उस पर कोई कार्यवाई नहीं की जायगी और न शुल्क ही लौटाया जायगा।

यदि परीक्षार्थी इस अंकानुसंधान के कारण परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाता है तो उसे तत्काल सूचना दी जायगी।

यह ध्यान देने की बात है कि इस अंकानुसंधान का अर्थ केवल पूर्व परीक्षक के द्वारा जांची गई उत्तर पुस्तकों के अंकों के जोड़ से है। उत्तर पुस्तकों का पुनर्निरीक्षण नहीं होगा।

९. (क) यदि कोई परीक्षार्थी अस्वस्थता या अन्य ऐसे ही किसी विशेप कारण से परीक्षा में न बैठ पावे, तो उसका शुल्क नहीं लौटाया जायगा परन्तु परीक्षा समिति को अधिकार होगा कि विशेप परिस्थिति में, और परीक्षारम्भ से दो सप्ताह पश्चात् तक, केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा प्रमाणित किसी परीक्षार्थी का प्रार्थना-पत्र आने पर, उसे आगामी वर्ष की परीक्षा में आधा शुल्क लेकर बैठने की आज्ञा दे दे। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा में कुछ दिनों उपस्थित रह कर किन्हीं कारणों से पूरी परीक्षा में न बैठ सका हो तो उसे बिना पूरा शुल्क दिये आगामी परीक्षा में बैठने की आज्ञा नहीं दी जायगी। परीक्षार्थी को अस्वस्थता की दशा में डाक्टर अथवा प्रमाणित वैद्य का प्रमाण-पत्र भेजना चाहिए।

(ख) जो परीक्षार्थी केवल परीक्षा शुल्क भेज देंगे पर आवेदन-पत्र न भेजेंगे, उनका शुल्क लौटाया नहीं जायगा, अपितु उन्हें उसी शुल्क पर केवल आगामी वर्ष परीक्षा देने का अधिकार दिया जायगा। एक वर्ष के पश्चात् ऐसा शुल्क निरस्त समझा जायगा।

१०. (क) केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा आवेदनपत्र पर हस्ताक्षर करके कार्यालय में भेज देने से ही परीक्षार्थी परीक्षा में बैठने का अधिकारी नहीं माना जा सकता। केन्द्र द्वारा प्राप्त आवेदन-पत्रों की कार्यालय द्वारा जांच की जाती है और यदि आवेदनपत्र में कोई त्रुटि रहती है तो तुरन्त परीक्षार्थी को सूचित

किया जाता है। जब तक परीक्षार्थी अपनी त्रुटियों का समुचित समाधान नहीं करा लेता, आवेदनपत्र स्वीकृत नहीं किया जाता है।

(ख) इस बात पर पूर्ण रूप से संतोष कर लेने पर कि परीक्षार्थी ने परीक्षा प्रवेश संबंधी प्रत्येक नियम का यथोचित पालन किया है, परीक्षायोजक प्रत्येक ऐसे परीक्षार्थी का प्रवेश-पत्र उसके निश्चित किए हुए केन्द्र के व्यवस्थापक के पास भेज देंगे। यह प्रवेशपत्र परीक्षारम्भ की तिथि से एक सप्ताह पूर्व परीक्षार्थियों को केन्द्र व्यवस्थापक से मिल कर ले लेना चाहिए। बिना इस प्रवेश पत्र को प्राप्त किये कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट न हो सकेगा। प्रवेश पत्र व्यक्तिगत पते पर भेजने का नियम नहीं है।

११. (क) विभाजित प्रणाली का नियम तोड़ दिया गया है। अतएव विभाजित प्रणाली के अनुसार कोई भी परीक्षा नहीं होगी।

(ख) वैद्य विशारद तथा उत्तमा की परीक्षाएँ खण्ड प्रणाली से ली जायंगी।

(ग) यदि कोई परीक्षार्थी प्रथमा, मध्यमा में से किसी में उत्तीर्ण हो जाने के पश्चात् उस परीक्षा के अन्य वैकल्पिक विषय में जिसमें उसने परीक्षा न दी हो, परीक्षा देना चाहे अथवा जो परीक्षार्थी केवल साहित्य की परीक्षा में बैठने का अधिकारी होने पर उत्तीर्ण हो, वह अगले वर्ष उसी परीक्षा के किसी भी अन्य विषय में परीक्षा दे सकता है; ऐसे परीक्षार्थियों को, उत्तीर्ण हो जाने पर, उस विषय में उत्तीर्ण होने का एक अलग प्रमाणपत्र दिया जायगा।

१२. जो परीक्षार्थी अध्याय २ नियम ३ तथा अध्याय ३ नियम ५ के अनुसार किसी परीक्षा के केवल साहित्य विषय में परीक्षा देगा, उसे उत्तीर्ण होने पर कोई श्रेणी नहीं दी जायगी। उसके प्रमाणपत्र अथवा उपाधि-पत्र पर यह उल्लेख होगा—"केवल हिन्दी साहित्य में उत्तीर्ण हुए।"

१३. (क) उत्तमा तथा वैद्य विशारद, उपवैद्य, कृषि विशारद, सम्पादनकला विशारद, शीघ्रलिपि विशारद, शिक्षा विशारद के परीक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य परीक्षार्थियों को उसी केन्द्र से परीक्षा देनी होगी जिसके

व्यवस्थापक द्वारा उसका आवेदनपत्र कार्यालय में प्राप्त हुआ हो। किन्तु परीक्षायोजक को अधिकार होगा कि विशेष दशा में ३० नवम्बर तक किसी परीक्षार्थी का केन्द्र परिवर्तन कर दें।

(ख) जिन परीक्षार्थियों का केन्द्र परिवर्तन विशेष परिस्थिति में (३० नवम्बर तक) किया जायगा उनको ५) अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा।

१४. हिन्दी विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का परीक्षाफल नियत परीक्षा तिथि से यथासंभव तीन मास के भीतर प्रकाशित कर दिया जायगा।

१५. परीक्षाफल प्रकाशित होने के पश्चात् केन्द्र व्यवस्थापकों के पास भेज दिया जायगा। परीक्षार्थी को प्राप्तांक उसी केन्द्र से प्राप्त होगा जहां से उसने परीक्षा दी होगी। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के प्रमाणपत्र तथा उपाधिपत्र समावर्तन समारोह होने के पश्चात् केन्द्र व्यवस्थापकों के पास भेज दिए जायंगे। व्यवस्थापकों को चाहिए कि वे वितरित किये गये उपाधिपत्रों की सूची तथा शेष उपाधिपत्रों को कार्यालय में एक वर्ष के भीतर लौटा दें।

१६. (क) प्रथमा, उपवैद्य, हिन्दी परिचय, राष्ट्रभाषा प्रारम्भिक, राष्ट्रभाषा प्रवेश, राष्ट्रभाषा परिचय तथा लिपिक परीक्षाओं में से किसी भी परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिये जावेंगे। मध्यमा, उत्तमा, साहित्य महोपाध्याय, वैद्य विशारद, कृषि विशारद, शिक्षा विशारद, शिक्षारत्न, हिन्दी कोविद, राष्ट्रभाषा कोविद, राष्ट्रभाषा रत्न, शीघ्रलिपि विशारद और सम्पादनकला विशारद परीक्षोत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उपाधिपत्र दिये जायेंगे।

(ख) पदक तथा उपाधिपत्रों का वितरण समावर्तन समारोह के अवसर पर होगा।

केन्द्र

१७. (क) उत्तमा परीक्षाओं के केन्द्र साधारणतः डिग्री कालेजों और प्रतिष्ठित संस्थाओं में ही रहेंगे। अन्य परीक्षाओं के केन्द्र साधारणतः

प्रतिष्ठित हाईस्कूलों, कालेजों तथा राष्ट्रीय विद्यालयों में ही रहेंगे और प्रायः इनके प्रधानाध्यापक ही इन केन्द्रों के व्यवस्थापक रहेंगे।

(ख) परीक्षा केन्द्र उन्हीं स्थानों में हो सकेंगे जहां डाकघर हों, जो रेलवे स्टेशन से बहुत दूर न हों और जहां से परीक्षा देने के लिए कम से कम ४० परीक्षार्थियों के आवेदन-पत्र प्राप्त हों। अहिन्दी भाषा-भाषी प्रान्तों के लिए इस नियम में अपवाद किया जा सकता है।

(ग) जो संस्थाएँ केन्द्र स्थापित कराना चाहें उनको केन्द्र स्थापनार्थ आवेदन-पत्र मँगा कर ३१ मार्च सन् १९५८ तक कार्यालय को भेज देना चाहिए। कम से कम ४० परीक्षार्थियों पर ही केन्द्र दिया जायगा। प्रथमा तथा मध्यमा के परीक्षार्थियों का योग ४० होने पर भी यह आवश्यक है कि किसी एक परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या १० से कम न हो। जिस परीक्षा के परीक्षार्थियों की संख्या १० से कम होगी उस परीक्षा की व्यवस्था सम्मेलन विश्वविद्यालय के किसी अन्य केन्द्र से, जो उस केन्द्र के निकट ही होगा, की जावेगी।

१८. इन उपनियमों का समय समय पर संशोधन हो सकता है। इसकी सूचना समाचारपत्रों द्वारा दी जायगी।

आवश्यक सूचनाएँ

१. सम्मेलन कार्यालय से अथवा उसके किसी विभाग से यदि पत्र व्यवहार करना हो तो उत्तर के लिए डाकखाने का लिफाफा या कार्ड अवश्य भेजना चाहिए, टिकट नहीं भेजना चाहिए।

२. यदि किसी कार्य के लिए मनिआर्डर द्वारा कोई द्रव्य भेजा जाय तो उसकी सूचना पत्र द्वारा कार्यालय को अवश्य देनी चाहिए। पत्र में जिस कार्य के लिये द्रव्य भेजा गया है, उसका पूरा विवरण होना चाहिए अन्यथा कार्य के सम्पादन में विलम्ब हो जायगा।

केन्द्र व्यवस्था सम्बन्धी पुरस्कार

१. केन्द्र व्यवस्थापकों को:—

२६ से १०० परीक्षार्थी तक	१०) रु०
१०० से अधिक परीक्षार्थियों पर	५) रु० प्रति शत परीक्षार्थी

२. निरीक्षकों को:—

दिन में एक समय का	१) रु०
दिन में दोनों समय का	२) रु०

३. लिपिक के कार्य के लिए:—

२६ से ५० परीक्षार्थियों तक	५) रु०
५१ से १०० परीक्षार्थियों तक	८) रु०
१०० परीक्षार्थियों से अधिक पर	२) प्रति शत परीक्षार्थी

४. चपरासी के कार्य के लिए:—

१०० परीक्षार्थियों तक	५ रु०
१०० से अधिक परीक्षार्थियों पर	१ रु० प्रति शत परीक्षार्थी

५. प्राप्तांक भेजने के लिए:—

परीक्षार्थियों को प्राप्तांक भेजने का पुरस्कार २० नये पैसे प्रति परीक्षार्थी डाक व्यय सहित

टिप्पणी—(१) जितने परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे केवल उनकी ही गणना होगी।

(२) जहां २५ से कम परीक्षार्थी हों वहां निरीक्षक तथा लिपिक का पुरस्कार नहीं दिया जायगा। केवल केन्द्र व्यवस्थापक का पुरस्कार १०) दिया जायगा किन्तु १० से कम परीक्षार्थियों पर व्यवस्थापक पुरस्कार भी नहीं दिया जायगा।

(३) नये केन्द्रों को आवश्यक परीक्षा व्यय के अतिरिक्त किसी प्रकार का पुरस्कार नहीं दिया जायगा।

अध्याय २

प्रथमा परीक्षा

१—हिन्दी विश्वविद्यालय की प्रथमा परीक्षा निम्नलिखित विषयों में देनी होगी—

अनिवार्य विषय

(१) हिन्दी साहित्य, (२) इतिहास, (३) भूगोल, (४) गणित या (महिलाओं के लिए) गार्हस्थ्य शास्त्र, तथा निम्नलिखित वैकल्पिक विषयों में से कोई एक विषय—

(१) स्वास्थ्य रक्षा, (२) अंग्रेजी, (३) कला, (४) संस्कृत, (५) पालि, (६) सामान्य विज्ञान, (७) धर्मशास्त्र, (८) अर्थशास्त्र, (९) नागरिक शास्त्र, (१०) कृषिशास्त्र, (११) संगीत।

सूचना १—हिन्दी साहित्य विषय के लिए तीन प्रश्नपत्र होंगे। अन्य तीन अनिवार्य विषयों के लिए १००-१०० अंकों का एक-एक प्रश्नपत्र और प्रत्येक वैकल्पिक विषय के लिए ५०-५० अंकों के दो-दो प्रश्नपत्र होंगे।

२—महिलायें यदि चाह तो गणित के स्थान पर गार्हस्थ्य-शास्त्र विषय ले सकती हैं।

३—जिन परीक्षार्थियों की मातृभाषा हिन्दी नहीं है अथवा जो हाई-स्कूल या उसके समकक्ष किसी परीक्षा में उत्तीर्ण हों किन्तु उसमें हिन्दी विषय न लिए रहे हों या सम्मेलन की उपवैद्य उत्तीर्ण परीक्षार्थी, प्रथमा के केवल साहित्य विषय में सम्मिलित हो सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण होने पर केवल साहित्य में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र दिया जायगा।

४—प्रथमा परीक्षा के विषयों के पूर्णांक तथा उत्तीर्णांक इस प्रकार होंगे—

(क) पूर्णांक—हिन्दी साहित्य के लिए ३००, प्रत्येक अन्य विषय में १००; उत्तीर्णांक—हिन्दी साहित्य में १०० तथा प्रत्येक अन्य विषय के लिए ३३। संगीत में प्रायोगिक परीक्षा के लिए ४० अंक और लिखित परीक्षा के लिए ६० अंक होंगे।

(ख) ६० प्रतिशत या उससे अधिक प्राप्त करनेवाला प्रथम श्रेणी में, ४५ प्रतिशत से ५९ प्रतिशत अंक प्राप्त करनेवाला द्वितीय श्रेणी में तथा ३३ प्रतिशत से ४४ प्रतिशत अंक प्राप्त करनेवाला तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण समझा जायगा।

किसी विषय में ७५ प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को विशेष योग्यता का प्रमाण दिया जायगा।

५—प्रत्येक प्रश्नपत्र ३ घंटे का होगा।

प्रथमा परीक्षा—पाठ्यक्रम

अनिवार्य विषय

हिन्दी साहित्य

इस विषय में तीन प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १—पठित, पद्य, पिंगल और अलंकार

प्राचीन पद्य ४० अंक, नवीन पद्य ४० अंक, अलंकार १० अंक, पिंगल १० अंक = १०० अंक।

अलंकार—उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, अनुप्रास और उनके भेद, विभावन, श्लेष, अपह्नुति, यमक और अर्थान्तरन्यास।

पिंगल—पाठ्य ग्रन्थों में आए हुए छन्दों के नाम, लक्षण, यति ज्ञान तथा गणभेद का ज्ञान।

पाठ्य ग्रन्थ—

काव्य संग्रह : भाग १ हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
काव्य संग्रह : भाग २ „ „ „
काव्यांग कल्पद्रुम „ „ „
सहायक ग्रन्थ—
अलंकार प्रकाश : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

प्रश्नपत्र २—पठित गद्य और नाटक

पठित गद्य ६० अंक, नाटक ४० अंक = १०० अंक
पाठ्य-ग्रन्थ—
साहित्य प्रवेश : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

हिन्दी भाषासार (रानी केतकी की कहानी, स्यमन्तकमणि की कथा, नासिकेतोपाख्यान, एक अद्‌भुत्‌ अपूर्व स्वप्न, चन्द्रोदय, आंसू, आभूषण का श्लेष, पान का श्लेष, वस्त्र का श्लेष, फलों का श्लेष, चौसर का श्लेष, अखबार, हिन्दी क्या है) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

प्रश्नपत्र ३—हिन्दी साहित्य का इतिहास, रचना, व्याकरण तथा निबन्ध

साहित्य का इतिहास ३५ अंक, निबन्ध २५ अंक, रचना २० अंक, व्याकरण २० अंक = १०० अंक।

सहायक ग्रन्थ—

(क)

हिन्दी साहित्य परिचय—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
संक्षिप्त हिन्दी साहित्य—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
हिन्दी साहित्य की रूपरेखा—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

(ख)

सम्मेलन निबन्ध माला (भाग २)—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग
रचना तथा व्याकरण—हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग

इतिहास

इस विषय में १०० अंकों का केवल एक प्रश्नपत्र होगा।

भारतवर्ष के इतिहास (वैदिक काल से अब तक के इतिहास) का साधारण ज्ञान। घटनाओं तथा कालों का आलोचनात्मक विवेचन होना चाहिए। सन् सम्वतों के रटने की अधिक आवश्यकता न होगी, साधारण ज्ञान अपेक्षित है।

पाठ्य-ग्रन्थ—

भारतवर्ष का इतिहास—अवधबिहारी पाण्डेय—(नन्दकिशोर एण्ड ब्रदर्स, काशी)।

लघु इतिहास-प्रवेश—जयचन्द्र विद्यालंकार (हिन्दी-भवन, प्रयाग)

भूगोल

इस विषय में १०० अंकों का केवल एक प्रश्नपत्र होगा।

भूगोल के सिद्धान्तों का पूरा पूरा ज्ञान—पृथ्वी, पृथ्वी और सूर्य के सम्बन्ध, अक्षांश व देशान्तर-रेखाएँ, मानचित्र, वायुमंडल, जल-वायु, पृथ्वी के जल-वायुवीय विभाग, भू-पटल, जल-भाग, वनस्पति, प्रधान प्राकृतिक खण्ड, संसार के राजनीतिक प्रदेश, मानवजातियां, जनसंख्या और व्यवसाय।

भारतवर्ष के प्रादेशिक भूगोल का संक्षिप्त अध्ययन।

पाठ्य-ग्रन्थ—

भू परिचय—रामनारायण मिश्र (भूगोल कार्यालय, प्रयाग)

भारतवर्ष का भूगोल—रामनारायण मिश्र—(भूगोल कार्यालय, प्रयाग)

भूगोल-सार—रामनाथ दुबे (राय साहब रामदयाल अग्रवाल, प्रयाग)

गणित

इस विषय में १०० अंकों का केवल एक प्रश्नपत्र होगा।

अंकगणित—

साधारण और दशमलव-भिन्न, महत्तम समापवर्त्तक, लघुत्तम समापवर्त्य, साधारण और चक्रवृद्धि व्याज, अनुपात तथा समानुपात, दस्तूरी, ऐकिक नियम, वर्गमूल, काम इत्यादि के प्रश्न, समय और दूरी-सम्बन्धी प्रश्न। समकोण, चतुर्भुजाकार क्षेत्रों के क्षेत्रफल-सम्बन्धी प्रश्न, आयताकार पिंडों का घन-फल।

बीजगणित—जोड़, बाकी, गुणा, भाग, भिन्न, सरल युगपत् (दो अव्यक्त राशियों के) समीकरण तथा इनसे हल होने वाले प्रश्न और वर्ग समीकरण, गुणन-खंड, महत्तम समापवर्त्तक, लघुत्तम समापवर्त्तक तथा सरल रेखाचित्र।

रेखागणित—सरल रेखा, त्रिभुज, वृत्त, निधि तथा क्षेत्रफल-सम्बन्धी प्रमेय और निर्मेय।

उपर्युक्त गणित, बीजगणित और रेखागणित के पाठ्यक्रम के अनुसार कोई भी पुस्तक उपयोग में लाई जा सकती है।

सूचना—अंकगणित में ४० अंक होंगे और बीजगणित तथा ज्यामिति में से प्रत्येक में ३०-३० अंकों के प्रश्न होंगे।

गार्हस्थ्य-शास्त्र (केवल महिलाओं के लिए)

इस विषय में १०० अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा।

प्रश्नपत्र १—स्वास्थ्य-परिचर्या, गृहप्रबन्ध एवं नारी जीवन

स्वास्थ्य—व्यक्तिगत स्वच्छता, जलवायु इत्यादि की स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, स्नान, भोजन, निद्रा, व्यायाम इत्यादि का सम्यक् सन्तुलन।

परिचर्या—प्रारम्भिक चिकित्सा, प्रारम्भिक चिकित्सा के गुण और कर्त्तव्य, घाव और उनका उपचार, पट्टियों का उपयोग, जलने, कटने तथा बिच्छू, सर्प, भिड़ इत्यादि के दंश का प्रतिकार, मूर्च्छा और उसका उपचार, रोगी की परिचर्या, शरीर का तापमान देखना, नाड़ी की गणना, सेंक, मिट्टी की पट्टी, एनीमा, पथ्य आदि का ज्ञान।

गृहप्रबंध—घर के कार्यों के अनुकूल स्थान का विभाजन, कमरों की स्वच्छता तथा सजावट, रसोई-घर तथा भण्डार का समुचित प्रबन्ध, पाक-शास्त्र, वस्त्रों की धुलाई और रंगाई, व्रत-त्यौहार इत्यादि।

नारी-जीवन—नारी-जीवन की विशेषता, समाज में उसका विशेष स्थान, पतिगृह में नारी, नारी और गृह, गृहस्थ जीवन को सुखी बनाने के उपाय इत्यादि।

मातृत्वकाल—मातृत्व का महत्व एवं समाज के विकास में उसका योग, स्वस्थ एवं उत्तम सन्तान समाज को सर्वोत्तम भेंट, गर्भिणी का स्वास्थ्य, खान-पान, रहन-सहन तथा प्रसव-सम्बन्धी सामान्य ज्ञान।

सहायक-ग्रन्थ—

सरल शरीर विज्ञान—जे० एस० वर्मा (रामनारायण लाल, प्रयाग)

तीमारदारी—एस० एन० श्रीवास्तव (रामनारायण लाल, प्रयाग)

परिचर्या और गृह प्रबन्ध—रानी टन्डन (कुमार प्रकाशन समिति, प्रयाग)

सरस भोजन कैसे बनावें—श्रीमती विन्देश्वरी भार्गव (अपर इण्डिया पब्लिशिंग हाउस लि०, लखनऊ)

गार्हस्थ्य शास्त्र—(तरुण भारत ग्रंथावली, प्रयाग)

मातृकला—मुकुन्द स्वरूप वर्मा (रामनारायण लाल, प्रयाग)

स्वास्थ्य-रक्षा

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

(१) शरीर-विज्ञान—शरीर की बनावट, अस्थि-संस्थान, मांस-संस्थान, रक्त-संस्थान, उत्पादन-संस्थान, श्वासोच्छ्वास-संस्थान, विसर्जन-पाचन-संस्थान, वात-संस्थान, उत्पादन-संस्थान, ज्ञानेन्द्रिय और उनके कार्य।

(२) रोग, उनके कारण और बचने के उपाय-संक्रामकता, रोग क्षमता तथा रोगों से बचने के उपाय।

वायु से फैलनेवाले रोग—चेचक, छोटी माता, खसरा, कुकुर खाँसी या काली खांसी, डिप्थीरिया, इन्फ्लुएंजा, कर्णफेर, तपेदिक।

पानी, दूध और भोजन से फैलने वाले रोग—हैज़ा, मोतीझरा या टायफायड, पेचिश, अतिसार।

कीड़ों व जीव-जन्तुओं-द्वारा फैलनेवाले रोग—मलेरिया, प्लेग, काला अजार, कुष्टरोग, आंख उठना, खुजली, टिटनस।

सहायक-ग्रन्थ—

शरीर-विज्ञान और स्वास्थ्य—रानी टण्डन (कुमार प्रकाशन समिति, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २

व्यक्तिगत स्वास्थ्य-संरक्षण—शरीर, घर और वस्त्रों की स्वच्छता, नगर और देश का स्वास्थ्य, नगर की स्वच्छता, निवास-स्थान, जल, वायु, प्रकाश, आहार-विहार-सम्बन्धी विषयों का परिचय, मादक-द्रव्यों और उत्तेजक पदार्थों के सेवन का परिणाम।

निद्रा, विश्राम, व्यायाम, ब्रह्मचर्य, रहन-सहन, दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या का महत्व और स्वास्थ्य से सम्बन्ध।

सहायक-ग्रन्थ—

आरोग्य-विधान (सुधानिधि-कार्यालय, प्रयाग)

स्वास्थ्य-विधान (तीनों भाग)—(सरस्वती पब्लिशिंग हाउस, प्रयाग)

स्वास्थ्य प्रदीपिका—डाक्टर मुकुन्द स्वरूप वर्मा (रामनारायण लाल, प्रयाग)

आदर्श भोजन—(छात्र-हितकारी-पुस्तकमाला, प्रयाग)

अंग्रेजी

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंग।

प्रश्नपत्र १

यह प्रश्नपत्र पाठ्य-ग्रन्थ और व्याकरण पर होगा। पाठ्य-ग्रन्थ हैं—

(क) गद्य—

Ideal Prose Selection (Indian Press, Allahabad)

Men of Thought and Action—K. K. Sukhia (Shiksha Pustak Bhawan, Allahabad)

(ख) पद्य—

Examples of Verses No. I—Shrishta and Rao (Macmillan & Co., Calcutta)

पाठ्य-ग्रन्थों पर ४० अंकों के प्रश्न होंगे।

व्याकरण में Parsing, Analysis, Direct and Indirect Narration पर १० अंकों के प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र २

इस प्रश्नपत्र में अनुवाद, निबन्ध, अपठित गद्य तथा मुहावरों का प्रयोग अन्तर्हित होगा। अपठित गद्य के लिए निम्नलिखित ग्रन्थ पढ़े जा सकते हैं—

(क) Selection from Mahatma Gandhi (रामनारायण-लाल, कटरा, इलाहाबाद)

(ख) Letters from a Father to his Daughter by Jawaharlal Nehru (आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, कलकत्ता)

निबन्ध के लिये कोई भी पुस्तक पढ़ी जा सकती है।

अंकों का विभाजन इस प्रकार रहेगा—

हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद	१० अंक
अंग्रेजी में निबन्ध	२५ अंक
अपठित गद्य	१० अंक
मुहावरे (इडियम्स)	५ अंक

कला

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

(क) कला का इतिहास—प्रागैतिहासिक तथा आधुनिक, कला के मुख्य तत्वों तथा कला-निर्माण के सिद्धान्तों का साधारण ज्ञान—रेखा, आकार, बल, रंग तथा संयोजन के सिद्धान्त।

(ख) रूपण (डिजाइन)—किसी दिए हुए आकार में प्राकृतिक फूल, फल, पत्ते आदि अथवा प्रचलित अलंकृत रूपण (डिजाइन); रूपण (डिजाइन) में उचित रंगों का प्रयोग।

नोट—डिजाइन का प्रयोग दरवाजों के पर्दों के लिए, मेजपोश के लिए, पलंग की चादर या फर्श आदि के लिए उपयोगी हो।

पाठ्य-ग्रन्थ—

चित्र कला—अवध उपाध्याय (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्राइमर आफ आर्ट (हिन्दी)—श्री मनोहरलाल (नेशनल प्रेस, प्रयाग)

अथवा

कला के मुख्य तत्व तथा हिस्ट्री आफ आर्ट (गुप्ता ब्रादर्स, खुरजा)

अंकों का क्रम—

कला के मुख्य तत्व तथा कला-निर्माण के सिद्धान्त	१५ अंक
रूपण (डिजाइन)	३५ अंक

प्रश्नपत्र २

(क) मुक्तहस्त रेखाचित्र (फ्री हैण्ड ड्राइंग)—दिए हुए सरल रेखाचित्र को घटा-बढ़ा कर बनाना।

(ख) स्मृति-चित्रण (मेमरी ड्राइंग)—नित्यप्रति के व्यवहार में आनेवाली वस्तुओं का और पशु, पक्षियों का क्रियात्मक सरल रेखाओं में पेन्सिल से स्मृति की सहायता से चित्रण।

सूचना—परीक्षार्थियों से केवल एक वस्तु का चित्रण कराया जाय।

पाठ्य-ग्रन्थ—

एलीमेन्टरी डिजाइन—श्रीकृष्ण देवसरे (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

फ्री हैण्ड ड्राइंग और डिजाइन—(गुप्ता ब्रादर्स, पब्लिशर्स, खुरजा)

अंकों का क्रम—

(अ) फ्री हैण्ड ड्राइंग (मुक्तहस्त रेखा-चित्रण) ३५ अंक

(ब) मेमरी ड्राइंग (स्मृति-चित्रण) १५ अंक

सहायक-ग्रन्थ—

सकसेस इन आर्ट—(रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

अथवा

कला और हस्त कार्य, भाग ३ और ४—(नेशनल प्रेस, प्रयाग)

संस्कृत

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

पाठ्य-ग्रन्थ—

(१) मित्रलाभ (हितोपदेश से) ३० अंक

(२) नीतिशतक—भर्तृहरि २० अंक

प्रश्नपत्र २

संस्कृत से हिन्दी और हिन्दी से संस्कृत में अनुवाद — ४० अंक

व्याकरण-सम्बन्धी ज्ञान— — १० अंक

व्याकरण का ज्ञान किसी भी पुस्तक से प्राप्त किया जा सकता है।

यथा— प्रारम्भिक संस्कृत व्याकरण—बाबूराम सक्सेना (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

व्याकरण नवनीतम्—गोविन्द प्रसाद हटकाल शास्त्री (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

पालि

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

पाठ्य-ग्रन्थ—

जातक-संग्रह—(मास्टर खिलाड़ीलाल एण्ड सन्स, कचौड़ीगली, काशी)

प्रश्नपत्र २

पालि से हिन्दी और हिन्दी से पालि में अनुवाद

व्याकरण

सहायक-ग्रन्थ—

पालि प्रबोध—आद्यादत्त ठाकुर (गंगा पुस्तकमाला कार्यालय, लखनऊ)

सरल पालि व्याकरण—(महाबोधि सोसायटी, सारनाथ)

सामान्य विज्ञान

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

जन्तु-विज्ञान--मेढक की निम्नलिखित बातों का अध्ययन—

शरीर के बाह्य अंग तथा उनके कार्य। शरीर के भीतर के अंग तथा उनके कार्य। पाचन-संस्थान के अंग तथा उनके कार्य। रक्त-संचार के विभिन्न भाग तथा उनके कार्य। रक्त की बनावट, श्वास-क्रिया के अंग और उनके कार्य। विसर्जन-संस्थान के अंग तथा उनके कार्य। वात-संस्थान के विभिन्न भाग तथा उसके कार्य। ज्ञानेन्द्रियों के कार्य। मांसपेशियों तथा हड्डियों का महत्व। उत्पादक-संस्थान तथा जीवन-इतिहास।

मेढक तथा मनुष्य के बाह्य और भीतरी अंगों की बनावट तथा उनके कार्य।

मेढक और मनुष्य की परस्पर तुलना। जन्तु-संसार का साधारण ज्ञान।

वनस्पति-विज्ञान—

सेम की बेल के आधार पर पेड़ के भागों तथा कार्यों का ज्ञान। जड़, तना, पत्तियां, फूल, फल के भाग, फल तथा इन सब के कार्य। सेम के बीज से सम्पूर्ण पौधे का विकास। दो प्रकार की जड़ें, पेड़ के प्रकार—तने के पेड़ तथा लतर—धरती तथा पानी के पेड़, परायजीवी पेड़, पेड़ों की उत्पत्ति—बीज द्वारा तथा वनस्पतिक उत्पादन द्वारा।

वनस्पति-संसार का साधारण ज्ञान—

पेड़ों के जीवन कार्य—श्वास, भोजन, संश्लेषण, स्वेदन-क्रिया तथा उसके लाभ, पेड़ों की गति।

जीवाणु का महत्व

पेड़ों तथा जन्तुओं से मनुष्य को लाभ—खाना, ईंधन, कपड़े, शक्ति, मकान बनाने के साधन, औषधियां, मुख तथा गन्दगियों की सफाई (कुत्ते, स्यार के काटने तथा विषैले कीटाणुओं से रक्षा।)

पेड़ों तथा जन्तुओं से मनुष्यों की हानियां—

१—मलेरिया, पेट के कीड़े, हैजा, प्लेग तथा तपेदिक।

२—चूहे, दीमक इत्यादि से हानि।

३—कीड़ों-द्वारा पेड़ों को हानि।

४—पेड़ों द्वारा पेड़ों को हानि। अमरबेल।

अंकों का क्रम—

जन्तु-विज्ञान—२५

वनस्पति-विज्ञान—२५

सहायक-ग्रन्थ—

वनस्पति-विज्ञान—संत प्रसाद टंडन (नेशनल प्रेस, प्रयाग)

जीव-विज्ञान की प्रारंभिक पुस्तक—बांकेबिहारी श्रीवास्तव (नंद-किशोर ब्रदर्स, बनारस)

सरल सामान्य विज्ञान—कैलास किशोर वर्मा (यूनिवर्सल प्रेस, प्रयाग)

प्रारंभिक जीव-विज्ञान—संतप्रसाद टंडन (नेशनल प्रेस, प्रयाग)

जीवन की कहानी—कृष्णानंद गुप्त (वैज्ञानिक साहित्य मंदिर, जार्ज टाउन, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २ भौतिक और रसायन विज्ञान

रसायन विज्ञान—

द्रव की अवस्थाएँ, वाष्पीकरण, स्रावण, ऊर्ध्वपातन, घुलन-शीलता, रवा बनाना, भौतिक और रासायनिक परिवर्तन, तत्व, साधारण और रासायनिक मिश्रण, वायु मण्डल, आक्सीजन, नाइट्रोजन, मंद और तीव्र जलन, लौ, जल, अमोनिया, चूना, सोडियम कर्बोनेट, कॉस्टिक सोडा, भारी तथा हल्के तत्वों का वर्गीकरण, रासायनिक संकेत, अम्ल, क्षार,

लवण, धातु और अधातु के गुण, नीचे लिखे हुए पदार्थों के गुण तथा कार्बन, गंधक, क्लोरीन, फासफोरस और इनसे संबंधित पदार्थ, कार्बन डाइक्साइड, कोयले की गैस, नमक, दियासलाई।

भौतिक विज्ञान—

भिन्न-भिन्न गहराइयों पर द्रव का दबाव, घनत्व, आपेक्षिक घनत्व, अर्कमदिस का सिद्धान्त तथा उसके प्रयोग, तैरना, वायु का दबाव तथा उसका प्रभाव, पिचकारी, पानी निकालने का साधारण पम्प, वायु का दबाव, नापने की विधियां, बैरोमिटर, साइकिल में वायु भरने का पम्प तथा बाल्व, पतंग।

प्रकाश का सीधा चलाव, बलाबल, समतल दर्पण-परावर्तन और आवर्जन के नियम, गोलाय दर्पण के बिम्ब, अभिवर्द्धक लैन्स, कैमरा का प्रयोग तथा साधारण सिद्धांत, वर्णविश्लेषण, किरण चित्र।

अवर्षण, विद्युद्दर्शक, चालक और रोधक, चुम्बक तथा उसके ध्रुव, पृथ्वी की चुम्बकीय शक्ति, दिक-सूचक, विद्युत्-घट और उनके समूह, विद्युत्-चुम्बक, तार और विद्युत्-घटों का सिद्धांत, साधारण-धारा-दर्शक, विद्युत्-धारा के तापक तथा रासायनिक प्रभाव।

ताप के उद्गम, ठोस द्रवों तथा गैसों का प्रसारण, प्रसरण के प्रभाव, प्लैटीनम तथा कांच, तापमापक, शरीर-तापमापक, गैस-तापमापक, हिम-मिश्रण, ताप का स्थानान्तरण, डैवी का अभय दीप, हवाएँ, मेघशून्य आकाश की शीतल रातें, थर्मस फ्लास्क, ताप की इकाई, गुप्त ताप, आपेक्षिक ताप, दबाव के ताप की उत्पत्ति, वाष्पीभवन से शीत की उत्पत्ति, आर्द्रता, द्रवीकरण से आयतन में परिवर्तन, द्रवों का उबाल, वाष्प-दबाव, वाष्प-इंजन।

अंकों का क्रम—

रसायन-विज्ञान—२५

भौतिक-विज्ञान—२५

सहायक ग्रन्थ—

रसायन-प्रवेशिका—फूलदेवसहाय वर्मा (नन्दकिशोर ब्रादर्स, काशी)

सामान्य भौतिक तथा रसायन-विज्ञान—सत्यप्रकाश और गोपाल-स्वरूप भार्गव—(नेशनल प्रेस, प्रयाग)

प्रारंभिक रसायन—अमीचन्द्र विद्यालंकार—(हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्रारंभिक भौतिकी—डा० निहालकरण सेठी (जयकृष्णदास हरिदास, काशी)

सरल सामान्य विज्ञान—गुप्ता और सिंह (यूनिवर्सल प्रेस, प्रयाग)

धर्मशास्त्र

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

श्रीमद्भागवत-संग्रह—चतुर्वेदी द्वारकाप्रसाद शर्मा (नेशनल प्रेस, प्रयाग)

धर्मशिक्षा, खण्ड १, २, ३—लक्ष्मीधर वाजपेयी (तरुण भारत ग्रन्थावली, दारागंज, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २

पाठ्य-ग्रन्थ—

मनुस्मृति, हिन्दी अनुवाद (अध्याय १, २)

भारतीय संस्कृति—गोपाल शास्त्री (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

सहायक-ग्रन्थ—

हिन्दुओं की पोथी—देवीदत्त शुक्ल (चंडी कार्यालय, प्रयाग)

सदाचार और नीति—लक्ष्मीधर वाजपेयी (तरुण भारत ग्रंथावली, दारागंज, प्रयाग)

अर्थशास्त्र

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

अर्थशास्त्र के अध्ययन की आवश्यकता, अर्थशास्त्र के मुख्य अंग, उत्पादन, उपभोग, माँग तथा पूर्ति।

उत्पादन—उत्पादन का अर्थ, उत्पत्ति के प्रधान साधन, भूमि (प्रकृति), श्रम (मनुष्य) और पूँजी की आवश्यकता, उनका उत्पादन और संचालन, उनका उत्पादन में स्थान, अधिक परिमाण में उत्पादन, क्रमागत ह्रास तथा बृद्धि के नियमों का साधारण ज्ञान।

उपभोग—उपभोग का अर्थ, आवश्यकता और उत्पादन का सम्बन्ध, आवश्यकता के प्रकार, उपयोगिता-सम्बन्धी नियम, आवश्यक, कौशल, सुविधा तथा विलास की वस्तुओं के भेद।

माँग की पूर्ति—माँग का नियम, माँग का उतार-चढ़ाव, पूर्ति का नियम, बाजार का क्षेत्र, मूल्य-निर्धारण का साधारण ज्ञान।

प्रश्नपत्र २

वितरण—श्रमजीवी तथा पूँजीपतियों की आय अर्थात् लगान, मजदूरी तथा ब्याज, संचालकों का मुनाफा (लाभ), उनके भागों के निर्धारण के नियम का साधारण ज्ञान।

विनिमय—द्रव्य का ज्ञान, बाजार, मूल्य की वृद्धि तथा मशीनों की उपयोगिता।

सूचना—परीक्षार्थियों को अर्थशास्त्र समझने के लिए भारतीय परिस्थितियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। (विशेषतः उन प्रान्तों की अवस्था का जिनमें वे रहते हैं।)

सहायक-ग्रन्थ—

अर्थशास्त्र के मूल सिद्धान्त—भगवानदास अवस्थी (हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग)

प्रारंभिक अर्थशास्त्र—पृथ्वीनाथ तिवारी (यूनिवर्सल प्रेस, प्रयाग)

भारतीय अर्थशास्त्र की सरल रूपरेखा—प्रकाशवती सक्सेना (रीगल इंडस्ट्रीज, इंदौर)

भारतीय अर्थशास्त्र—सी० एम० मालवीय एवं एल० सी० जैन (स्वरूप ब्रदर्स, इंदौर)

नागरिक शास्त्र

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

(क) नागरिक शास्त्र—अधिकार तथा कर्तव्य, स्वतंत्रता, समानता, नागरिकता तथा आदर्श नागरिक जीवन।

(ख) राज्य, कानून, सरकार की उत्पत्ति और उसके अंग, शक्ति-विभाजन सिद्धान्त तथा संप्रभुता की साधारण जानकारी , राज्य के कर्तव्य तथा उद्देश्य।

नागरिक शिक्षा (नवीन संस्करण)—भगवानदास केला (भारतीय ग्रन्थमाला, दारागंज, प्रयाग)

नागरिक शास्त्र के सिद्धान्त—बी० एस० मेहता (लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा)

प्रश्नपत्र २

(क) भारतवर्ष की नवीन शासन-पद्धति का साधारण ज्ञान, नगर-पालिका, जिला परिषद् तथा ग्राम-पंचायतों की जानकारी।

(ख) भारतवर्ष की नवीन आर्थिक व्यवस्थाएँ, सामाजिक उत्थान के

नवीन कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा व्यापार-सम्बन्धी नवीन आन्दोलनों की जानकारी।

सहायक-ग्रन्थ—

हाईस्कूल नागरिक शास्त्र—कन्हैयालाल (नन्दकिशोर ब्रदर्स, काशी)

भारतीय संविधान—सत्यनारायण दुबे (शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, आगरा)

कृषि शास्त्र

इस विषय में ५०-५० अंकों के दो प्रश्नपत्र होंगे।

प्रश्नपत्र १

१—भूमि—भूमि की बनावट और उसका वर्गीकरण (कंकरीली, बलुई, वलुई दोमट, दोमट, मटियार दोमट, मटियार), ऊसर भूमि और उसका सुधार, जीव अंश।

२—खाद—गोबर की खाद, घूर, कम्पोस्ट, हरी-खाद, विष्ठा और मूत्र की खाद, खली और रासायनिक खादों का साधारण ज्ञान।

३—सिचाई—सिंचाई की रीति, कुआं, तालाब और नहर की सिंचाई, सिंचाई में प्रयुक्त यन्त्रों का ज्ञान, ढेंकली, दोगला या दौरी, रहट, चरसा, चैन-पम्प, बलदेव बाल्टी।

पाठ्य-ग्रन्थ—

कृषि विज्ञान, भाग १ व २—सुदर्शन देव (यूनिवर्सल प्रेस, प्रयाग)

ग्रामीण ज्ञानोदय—दयाशंकर दुबे और ओंकारनाथ मिश्र (छात्र हितकारी पुस्तकमाला, दारागंज, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २

१—पौदा—पौदे के अंग, उनके कार्य, जड़, तना-पत्ती, फूल और फल, बीज बोने योग्य अच्छे बीज के लक्षण।

२—फस्लें—गेहूँ, चना, धान, मक्का, ज्वार, अरहर, कपास, ईख और आलू, फस्लों की बुआई, सिंचाई, निराई, कटाई आदि तथा उनकी उन्नतिशील किस्मों का ज्ञान।

३—कृषि के यंत्र, उनके मिलने का स्थान तथा उपयोग।

हल, हैरो, कल्टीवेटर, बुआई, कटाई और मड़ाई की मशीनें।

४—लेखपाल, कागजात, नकशा, खसरा, खतौनी, खेवट, सियाहा।

पाठ्य-ग्रन्थ—

कृषि प्रवेशिका—शीतलप्रसाद तिवारी (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्रारम्भिक कृषि-विज्ञान, भाग १, २ और ३—शिवदयाल सक्सेना (नेशनल प्रेस, प्रयाग)

संगीत

संगीत की परीक्षा सम्मेलन द्वारा निर्धारित केवल विशिष्ट केन्द्रों में होगी।

इस विषय में ६० अंकों का एक प्रश्नपत्र होगा और ४० अंकों में प्रायोगिक परीक्षा ली जायगी।

प्रायोगिक परीक्षा—(१) स्वरों का शुद्ध उच्चारण तथा उनकी पहचान और १० अलंकारों का ज्ञान।

(२) राग की पहचान तथा रागों में संक्षिप्त आलाप तानों का अभ्यास।

(३) निम्नलिखित १६ रागों का एक सरगम, एक लक्षण-गीत और एक छोटा-ख्याल जानना चाहिए—

बिलावल, खमाज, यवन, काफी, आसावरी, भैरवी, विहाग, मालकोस, देश, भीमपलासी, पीलू, बागेश्री, भूपाली, सारंग, भैरव और हमीर।

(अलाप जाननेवाले के लिए लक्षण गीत अनिवार्य नहीं है। किसी एक राग का एक ध्रुपद भी जानना चाहिए।)

(४) निम्नलिखित तालों तथा उनकी दून का ज्ञान—तीन ताल, झपताल, दादरा, कहरवा, चारताल, एकताल, तीवरा, दीपचंदी और धमार।

शास्त्र

(१) प्रयोग के पाठ्यक्रम में दिए हुए रागों का पूर्ण विस्तृत वर्णन लिखना, जैसे स्वर, थाट, आरोहावरोह, पकड़, वादी, संवादी, समय और कुछ अलाप।

(२) प्रयोग के पाठ्यक्रम में दिए हुए तालों की मात्रा, सम, ताली, खाली, विभाग आदि दिखाते हुए ठेके सहित लिखना और उनकी दुगुन भी लिखना।

(३) गीतों की स्वरलिपि लिखना, लिखित स्वर-समूहों-द्वारा राग पहचानना, समप्रकृति रागों की तुलना करना और कुछ लेख, जैसे गायन-वादन में अभ्यास का महत्व या उसका क्रम, संगीत का जीवन पर प्रभाव आदि।

(४) निम्नलिखित शीर्षकों तथा पारिभाषिक शब्दों का ज्ञान—ध्वनि, नाद, श्रुति, स्वर, स्थान, सप्तक, शुद्ध, विकृत लय, माया, ताल, संगीत (हिन्दुस्तानी या कर्नाटकी), थाट, आरोह, अवरोह, अलंकार, वर्ण, स्थायी, अंतरा, संचारी, आभोग, वक्रराग, सम्पूर्ण, षाडव, ओड़व जाति, वादी, संवादी, अनुवादी, विवादी, पूर्व-उत्तर राग, ध्रुपद, ठुमरी, टप्पा, सन्धि-प्रकाश-राग।

(५) थाट और राग में भेद, थाट और सप्तक में भेद, संगीत कला और शास्त्र का परस्पर सम्बन्ध, विष्णु दिगंबर और भातखंडे की स्वरलिपि पद्धतियां आदि विषयों का संक्षिप्त परिचय, कुछ लेख जैसे संगीत और साहित्य, राग और रस, संगीत का भाव और कलापक्ष, गायन-वादन में अभ्यास का महत्व, उसका क्रम आदि।

सूचना—वाद्य-संगीत का पाठ्यक्रम भी उपर्युक्त ही है, केवल गीतों के

स्थान पर प्रत्येक राग में एक बिलंबित मसीतखानी गत और एक-एक रजाखानी द्रुतगत सीखनी होगी। कुछ अन्य पारिभाषिक शब्दों का ज्ञान जसे जमजाम, मींड, गमक, मुरकी, झाला, गत आदि। वाद्य के विभिन्न अंगों के नाम और उसे मिलाने की रीति का भी ज्ञान आवश्यक है। तबला विषय लेने वाले को प्रायोगिक पाठ्यक्रम में दिए तालों को तबले पर उनके ठेके टुकड़े परन, कायदे, पलटे, रेले, तीहे, मुखड़े आदि सहित बजाने का अभ्यास होना चाहिए और इन शब्दों की परिभाषाएँ भी जाननी चाहिए।

सहायक-ग्रन्थ—

संगीत रागदर्शन, भाग १ और २ (गान्धर्व महाविद्यालय मंडल, प्रयाग)

संगीत-शास्त्र, भाग १ और २ श्री महेशनारायण सक्सेना (संगीत समिति, प्रयाग)

हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति, भाग १, २, ३, ४ (मैरिस म्यूजिक कालेज, लखनऊ)

राग-विज्ञान, भाग १, २, ३ (संगीत-समिति, प्रयाग)

संगीत-कौमुदी, भाग १, २, ३ विक्रमादित्य सिंह (मैरिस म्यूजिक कालेज, लखनऊ)

अध्याय ३

मध्यमा परीक्षा

१. हिन्दी विश्वविद्यालय की मध्यमा परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी को हिन्दी विश्वविद्यालय की प्रथमा परीक्षा या उसके समान समझी जाने वाली किसी परीक्षा में उतीर्ण होना आवश्यक होगा।

२. निम्नलिखित परीक्षायें हिन्दी विश्वविद्यालय की प्रथमा परीक्षा के समान समझी जावेंगी।

(अ) भारत के सभी राज्यों के बोर्डों द्वारा संचालित मैट्रिकुलेशन या हाईस्कूल परीक्षा (हिन्दी लेकर) अथवा इनके समकक्ष स्वीकृत भारत सरकार की इंडियन आर्मी सर्टीफिकेट आफ इजुकेशन परीक्षा तथा ऐसी अन्य कोई परीक्षा।

वर्नाक्युलर टीचर्स सर्टीफिकेट परीक्षा (हिन्दी लेकर), हिन्दुस्तानी टीचर्स सर्टिफिकेट, जूनियर टीचर्स सर्टिफिकेट या इनके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा।

कर्वे महिला विश्वविद्यालय पूना की गृहीतागमा परीक्षा, एयर फोर्स की आर० आई० ए० एफ० टेस्ट परीक्षा, गवर्नमेन्ट संस्कृत कालेज काशी की पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित), सेन्ट जेवियर हाई स्कूल जयपुर की जूनियर केम्ब्रिज परीक्षा, हिन्दी विश्वविद्यालय, प्रयाग की प्रथमा, प्रयाग महिला विद्यापीठ की विद्याविनोदिनी परीक्षा (एडवांस अंग्रेजी सहित), हिन्दू विश्वविद्यालय काशी की एडमीशन परीक्षा, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की विद्याधिकारी परीक्षा, गुरुकुल विद्यालय वृन्दावन की अधिकारी परीक्षा (अंग्रेजी विषय के साथ), भारत

के सभी राज्यों के गवर्नमेंट संस्कृत कालेजों द्वारा ली गई वे परीक्षायें जिनको मैट्रिकुलेशन के समकक्ष स्वीकृति मिल चुकी हो।

(ब) निम्नलिखित परीक्षाओं में उत्तीर्ण अहिन्दी भाषी मध्यमा परीक्षा में बैठने के अधिकारी होंगे।

सागर विश्वविद्यालय की प्राज्ञ परीक्षा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा की हिन्दी कोविद परीक्षा, पंजाब की हिन्दी भूषण परीक्षा, उत्तर प्रदेशीय शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कोविद परीक्षा, राष्ट्रभाषा कोविद परीक्षा, देवघर की प्रवेशिका परीक्षा, हिन्दी विद्यापीठ बम्बई की राष्ट्रभाषा रत्न परीक्षा, बम्बई भारतीय विद्यापीठ की राष्ट्रभाषा रत्न परीक्षा, तिरुवितांकूर हिन्दी प्रचार सभा तिरुवन्तपुरम की हिन्दी भूषण, हैदराबाद राज्य हिन्दी प्रचार सभा की हिन्दी भूषण, महिलाश्रम वर्धा की विनीता परीक्षा, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा मद्रास की राष्ट्रभाषा विशारद परीक्षा।

३—(क) मध्यमा परीक्षा के प्रत्येक परीक्षार्थी के लिए हिन्दी साहित्य विषय लेना अनिवार्य होगा और निम्नलिखित वैकल्पिक विषयों के दो समूहों में से प्रत्येक समूह से एक विषय लेना होगा—

(१) गणित, इतिहास, वैद्यक, अंग्रेजी, कृषि, दर्शन, धर्मशास्त्र, मनोविज्ञान तथा केवल महिलाओं के लिए गार्हस्थ्य-शास्त्र।

(२) संस्कृत, पाली, विज्ञान, भूगोल, राजनीति, अर्थशास्त्र, ज्योतिष, मराठी, बंगला, गुजराती, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, सिन्धी, उड़िया तथा संगीत कला।

(ख) मध्यमा परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को 'विशारद' की उपाधि दी जायगी।

४—परीक्षार्थियों को केवल दो वैकल्पिक विषय लेने होंगे। मध्यमा परीक्षा का कोई परीक्षार्थी दो से अधिक वैकल्पिक विषय लेकर परीक्षा न दे सकेगा।

जो परीक्षार्थी वैकल्पिक विषय लेकर मध्यमा परीक्षा उत्तीर्ण हो गए हों या जो परीक्षार्थी नियम के अनुसार वैकल्पिक विषयों में परीक्षा देने

से मुक्त कर दिए गए हों वे भी कोई वैकल्पिक विषय लेकर किसी अगले वर्ष परीक्षा में बैठ सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों के उत्तीर्ण हो जाने पर उन्हें इन वैकल्पिक विषयों में उत्तीर्ण होने का एक अलग प्रमाणपत्र दिया जायगा।

५—निम्नलिखित परीक्षार्थियों को मध्यमा के केवल साहित्य विषय में उत्तीर्ण हो जाने पर 'विशारद' की उपाधि दी जायगी—

(१) हिन्दी विश्वविद्यालय की वैद्य-विशारद, कृषि-विशारद, शीघ्रलिपि-विशारद, शिक्षा-विशारद तथा सम्पादनकला-विशारद परीक्षाओं में उत्तीर्ण परीक्षार्थी।

(२) भारत के किसी भी राज्य द्वारा स्वीकृत इण्टरमीडिएट परीक्षा (हिन्दी लेकर) उत्तीर्ण या हिन्दी विश्वविद्यालय परिषद् द्वारा स्वीकृत विद्यापीठ के उपाधिधारी ग्रेजुएट, शास्त्री, तीर्थ या आचार्य या गोविन्दराम सेक्सरिया कालेज आफ कामर्स, वर्धा की 'शीघ्रलिपि-विशारद' परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी।

(३) हिन्दी विश्वविद्यालय की प्रथमा अथवा हाई स्कूल (हिन्दी लेकर) उत्तीर्ण अहिन्दी भाषा-भाषी परीक्षार्थी।

६—मध्यमा परीक्षा में विभिन्न विषयों के पूर्णांक तथा उत्तीर्णांक इस प्रकार होंगे—

(क) पूर्णांक—हिन्दी साहित्य में ४०० तथा प्रत्येक वैकल्पिक विषय में २००।

उत्तीर्णांक—हिन्दी साहित्य में १४० तथा प्रत्येक वैकल्पिक विषय में ६६।

(ख) प्रथम श्रेणी के लिए ६० प्रतिशत या उससे अधिक, द्वितीय श्रेणी के लिए ४५ से ५९ प्रतिशत तथा तृतीय श्रेणी के लिए साहित्य में ३५ तथा अन्य विषयों में ३३ प्रतिशत अंक प्राप्त करने चाहिए।

किसी विषय में विशेष योग्यता के लिए ७५ प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने होंगे।

मध्यमा परीक्षा—पाठ्यक्रम

साहित्य

इस विषय में ४ प्रश्नपत्र होंगे

प्रश्नपत्र १—पठित तथा अपठित पद्य, रस, अलंकार और पिंगल

मध्यकालीन काव्य ३० अंक, उत्तरकालीन काव्य २० अंक, नवीन काव्य २० अंक, अपठित काव्य १० अंक, रस अलंकार तथा पिंगल २० अंक=१०० अंक।

पाठ्य-ग्रन्थ—

बीसल देव रासो—नाल्ह (नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी)

ब्रज-माधुरी-सार—(सूरदास, नंददास, हितहरिवंश, रसखान, आनन्दघन, नागरीदास, भारतेन्दु, देव, रत्नाकर (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

तुलसी संग्रह—डा० माताप्रसाद गुप्त (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

सुदामा चरित—नरोत्तमदास

आधुनिक काव्य संग्रह—डा० रामकुमार वर्मा (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

सहायक-ग्रन्थ—

संक्षिप्त अलंकार-मंजरी—कन्हैयालाल पोद्दार (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २—पठित तथा अपठित गद्य और नाटक

गद्य ३० अंक, उपन्यास तथा कहानी २५ अंक, नाटक तथा एकांकी २५ अंक—आलोचना तथा नाट्य शास्त्र २० अंक=१०० अंक।

पाठ्य-ग्रन्थ—

(क) गद्य

हिन्दी गद्य पारिजात (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

(ख) उपन्यास तथा कहानी

मृगनयनी—वृन्दावनलाल वर्मा (मयूर प्रकाशन, झांसी)

हिन्दी कहानी संग्रह—भगवतीप्रसाद बाजपेयी (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

(ग) नाटक तथा एकांकी

अभिज्ञान शाकुन्तल—लक्ष्मण सिंह (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

ध्रुव स्वामिनी—जयशंकर प्रसाद (भारती भण्डार, लीडर प्रेस, प्रयाग)

चारु मित्रा—रामकुमार वर्मा (साधना सदन, लूकरगंज, प्रयाग)

(घ) आलोचना तथा नाट्य शास्त्र

साहित्य का साथी—हजारीप्रसाद द्विवेदी (राष्ट्रभाषा प्रचार समति, वर्धा)

नाट्यशास्त्र—महावीर प्रसाद द्विवेदी (इंडियन प्रेस, प्रयाग)

प्रश्नपत्र ३—हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी भाषा का विकास तथा देवनागरी लिपि और अंकों का विकास

(क) हिन्दी साहित्य का इतिहास ५० अंक

(ख) हिन्दी भाषा का विकास ३० अंक

(ग) देवनागरी लिपि तथा अंकों का विकास २० अंक = १०० अंक

क

हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास—गुलाबराय (साहित्यरत्न भण्डार, आगरा)

हिन्दी साहित्य समीक्षा—(हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

हिन्दी साहित्य का इतिहास—रामकुमार वर्मा (रामनारायणलाल, कटरा, प्रयाग)

हिन्दी साहित्य का इतिहास–लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय (मालवीय पुस्तक भवन, लखनऊ)

साहित्य प्रवाह—कृष्णदेव प्रसाद गौड़ (कल्याण दास एण्ड ब्रादर्स, वाराणसी)

हिन्दी साहित्य और साहित्यकार—सुधाकर पाण्डेय (हिन्दी प्रचारक, वाराणसी)

हिन्दी भाषा तथा साहित्य—उदयनारायण तिवारी (राजकमल प्रकाशन, दिल्ली)

हिन्दी साहित्य की रूपरेखा—हरदेव बाहरी (मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी)

हिन्दी गद्य साहित्य का इतिहास—जगन्नाथप्रसाद शर्मा (हिन्दी भवन, प्रयाग)

ख

हिन्दी भाषा और लिपि—डा० धीरेन्द्र वर्मा (हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयाग)

ग्रामीण हिन्दी—डा० धीरेन्द्र वर्मा (साहित्य भवन लिमिटेड, प्रयाग)

ग

नागरी अंक और अक्षर—गौरीशंकर हीराचंद ओझा (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्रश्नपत्र ४—निबंध तथा रचना

निबन्ध ६० अंक, रचना ४० अंक = १०० अंक

सहायक ग्रन्थ—

भाग क

भट्ट निबन्धावली भाग १ (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)
जीवन यज्ञ—रामनाथ 'सुमन' (साधना सदन, प्रयाग)
प्रबन्ध प्रदीप—भटनागर (ग्रान्ड बुक डिपो, प्रयाग)

भाग ख

हिन्दी प्रयोग—रामचन्द्र वर्मा (साहित्य रत्नमाला कार्यालय, २० धर्मकूप, काशी)
निबन्ध कला—राजेन्द्रसिंह गौड़ (साधना सदन, प्रयाग)
राष्ट्रभाषा विचारसंग्रह—(अनाथ विद्यार्थी गृह प्रकाशन, पूना)

वैकल्पिक विषय

समूह १—प्रत्येक वैकल्पिक विषय में दो प्रश्न पत्र होंगे।

गणित

प्रश्नपत्र १

बीजगणित—दो या अधिक अव्यक्तों के वर्ग समीकरण, वर्ग-समीकरणों का सिद्धान्त, करणी, कल्पित राशियां समानान्तर, गुणोत्तर तथा व्युत्क्रम, समानान्तर श्रेणियां, घातकों और लघुगणकों का सिद्धान्त, द्विपद-सिद्धान्त, घातीय और लघुगणकीय श्रेणियां।

त्रिकोणमिति—त्रिभुजों के निर्धारण तथा अंतःवृत्त, परिवृत्त और वाह्यवृत्तों तक।

वैश्लेषिक ज्यामिति—समकोणाक्ष, सरल रेखावृत्त, पर-वलय और दीर्घवृत्त।

पिण्ड ज्यामिति—सरल पिंड-ज्यामिति। समानान्तर, षट्फलक, समपार्श्व सूचीस्तम्भ, वृत्ताधार बेलन, समशंकु और गोल, इनके छिन्न खंड।

सहायक-ग्रन्थ—

ठोस ज्यामिति—बृजमोहन (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

ठोस ज्यामिति की कुंजी—(हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

नियामक ज्यामिति—गोरख प्रसाद और हरिश्चंद गुप्त (पोथीशाला, प्रयाग)

माध्यमिक बीज गणित—(नागपुर विश्वविद्यालय)

माध्यमिक त्रिकोणमिति—(नागपुर विश्वविद्यालय)

बीजगणित—झम्मनलाल शर्मा (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २

स्थिति-विज्ञान—एक धरातल, गुरुत्वकेन्द्र, घर्षण, शक्ति, काम और सामर्थ्य, सरल यंत्र।

गति-विज्ञान—सरल रेखा में गति, न्यूटन के नियम, प्रक्षेप्य, आघात शक्ति और सामर्थ्य।

सहायक-ग्रन्थ—

गतिविज्ञान—गोरखप्रसाद (पोथीशाला, इलाहाबाद)

गति विज्ञान—पी० डी० शुक्ल (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

चलन-कलन—अवकलन, टलर का प्रमेय, अनिर्णीत रूप एवं चलराशि के फलों का महत्तम और लघुत्तम मान, स्पर्श-रेखा और अभिलंब।

चलराशि-कलन—सरल रीतियां, सरल वक्रों का क्षेत्रफल और उनकी लंबाई, भ्रमणलब्ध पिंडों का आयतन और क्षेत्रफल।

सहायक-ग्रंथ—

चलराशि-कलन—हरिश्चन्द्र गुप्त (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

चलन कलन और चल राशि कलन में केवल समकोणाक्ष नियामक उपयोग में लाये जायं।

सूचना—गणित विषय के लिए कोई पाठ्य ग्रन्थ निर्धारित नहीं है, उपर्युक्त पाठ्यक्रम के अनुसार परीक्षार्थी किन्हीं भी पुस्तकों से अध्ययन कर सकते हैं।

इतिहास

प्रश्नपत्र १—भारत का इतिहास (हिन्दू और मुस्लिम युग)

सहायक ग्रन्थ—

इतिहास प्रवेश—जयचन्द्र विद्यालंकार (हिन्दी-भवन, प्रयाग)

भारतीय इतिहास की रूपरेखा—श्रीराम त्यागी तथा गंगाप्रसाद पचौरी (गौतम बुक डिपो, मेरठ)

प्राचीन भारत का इतिहास—भगवतशरण उपाध्याय (ग्रन्थमाला कार्यालय, पटना ४)

प्राचीन भारत के हिन्दू काल का इतिहास—गंगाप्रसाद मेहता (हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी)

अशोक—भगवतीप्रसाद पांथरी (किताब-महल, प्रयाग)

मौर्यकालीन भारत—कमलापति त्रिपाठी (नागरी-प्रचारिणी सभा, काशी)

गुप्त साम्राज्य का इतिहास—वासुदेव उपाध्याय (इंडियन प्रेस, प्रयाग)

भारत में मुगल साम्राज्य—परमात्माशरण (हिन्दू विश्वविद्या लय काशी)

अकबर की राज्य-व्यवस्था—(हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

हमारा राजस्थान—पृथ्वीसिंह मेहता (हिन्दी-भवन, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २—आधुनिक विश्व का इतिहास १७८९-१९५२

विदेश ६० अंक, भारत ४० अंक=१०० अंक।

सहायक-ग्रन्थ—

विश्व इतिहास की झलक—पं० नेहरू (सस्ता साहित्य मण्डल, दिल्ली)

विश्व इतिहास की झांकी—महावीर सिंह त्यागी (रामनारायणलाल, कटरा, प्रयाग)

भारत में ब्रिटिश साम्राज्य—गंगाशंकर मिश्र (हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी)

विश्व की समस्याएँ—विमलचन्द्र पाण्डेय (नवभारती प्रकाशन, इलाहाबाद)

अर्वाचीन यूरोप (तृतीय खण्ड)—(गोपाल प्रिंटिंग प्रेस, कानपुर)

आधुनिक यूरोप का इतिहास (हिन्दी)—फार्डिनेंड शेविल (सेंट्रल बुकडिपो, प्रयाग)

यूरोप का आधुनिक इतिहास—सत्यकेतु विद्यालंकार (सरस्वती सदन, मंसूरी)

आउट लाइन आव हिस्ट्री—वैल्ज

आधुनिक भारत का इतिहास—काली किंकर दत्त (इंडियन प्रेस, प्रयाग)

एशिया का आधुनिक इतिहास—सत्यकेतु विद्यालंकार (सरस्वती सदन, मंसूरी)

नए एशिया के निर्माता (नया संस्करण)—(नवयुग ग्रन्थ कुटीर, बीकानेर)

वैद्यक

प्रश्नपत्र १—स्वास्थ्य विज्ञान

(क) शरीर-परिचय—मनुष्य शरीर की संक्षिप्त बनावट, अस्थियाँ, शरीर के अंग-प्रत्यंग और आशयों का संक्षिप्त ज्ञान तथा कार्य-पद्धति का संक्षिप्त परिचय।

सहायक ग्रन्थ—

सरल शरीर-विज्ञान—(हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

सरल शरीर-विज्ञान—जानकीशरण वर्मा (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

शरीर और शरीर रक्षा—(इंडियन प्रेस, प्रयाग)

शरीर-परिचय—(सुधानिधि कार्यालय, प्रयाग)

शरीर-विज्ञान और स्वास्थ्य—(कुमार प्रकाशन समिति, प्रयाग)

(ख) स्वास्थ्य-रक्षा—दिनचर्या, रात्रिचर्या, ऋतुचर्या, रोगीचर्या, सदाचार, प्रज्ञापराध, संक्रामक रोगों का परिचय, वेग-धारण, आहार-

विज्ञान, आरोग्य-रक्षक-उपाय, मिताहार, मिथ्याहार, वस्त्र-परिधान, निवास-स्थान, जलवायु, प्रकाश, व्यायाम, स्नान, निद्रा, ब्रह्मचर्य, मांस, मसाले और मादक द्रव्य-सेवन, पाठशाला, छात्रावास आदि सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता, रोग-प्रसारण कीटाणु, मक्खी आदि,व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य और देहातों की स्वास्थ्य-रक्षा का विशद वर्णन।

सहायक-ग्रन्थ—

आरोग्य-विधान—जगन्नाथप्रसाद शुक्ल (सुधानिधि कार्यालय, प्रयाग)

सरल-स्वास्थ्य-साधन—ब्रजभूषण मिश्र (साहित्य-सदन, अबोहर, पंजाब)

हम सौ वर्ष कैसे जिएँ—केदारनाथ गुप्त (छात्र-हितकारी पुस्तक-माला, प्रयाग)

(ग) नैसर्गिक आरोग्य—आकाश, पृथ्वी, वायु, जल, अग्नि, सूर्य रश्मि आदि का विवरण और स्वास्थ्य-रक्षा के लिए उनका उपयोग,जलवायु परिवर्तन और आरोग्यप्रद स्थानों का परिचय।

सहायक-ग्रन्थ—

नैसर्गिक आरोग्य—(सुधानिधि-कार्यालय, प्रयाग)

(घ) व्यायाम, आसन तथा प्राणायाम।

स्वास्थ्य और प्राणायाम—(तरुण भारत-ग्रन्थावली, प्रयाग)

योगासन और अक्षय युवावस्था—(भारतवासी प्रेस, प्रयाग)

प्रश्नपत्र २—निघंटु इत्यादि

(क) निघंटु—इसमें नित्य उपयोग में आने वाले अन्न, फल, शाक, वनस्पति,औषधि तथा उपयोगी जड़ी-बूटियों का संक्षिप्त ज्ञान आवश्यक है।

सहायक-ग्रन्थ—

फल, उनके गुण और उपयोग (छात्र-हितकारी पुस्तकमाला, प्रयाग)

स्वास्थ्य के लिए शाक तरकारियां—महेन्द्रनाथ पाण्डेय (महेन्द्र रसायनशाला, प्रयाग)

(ख) औषधि-निर्माण, पथ्य-निर्माण, ओषधियों की तोल-नाप, औषधि ग्रहण-विचार, औषधि-काल तथा वैद्यक सम्बन्धी परिभाषाओं का ज्ञान।

सहायक-ग्रन्थ—

परिभाषा-प्रबोध—(सुधानिधि-कार्यालय, प्रयाग)

(ग) सम्पूर्ण रोगों पर पथ्यापथ्य और आहार-विहार-सम्बन्धी विषय का ज्ञान।

सहायक-ग्रन्थ—

पथ्यापथ्य-निरूपण—(सुधानिधि कार्यालय, प्रयाग)

अंग्रेजी

प्रश्नपत्र १—गद्य और नाटक

पाठ्य-ग्रन्थ—

गद्य (क) A Book of English Essays in the Pelican Series, Edited by W. E. Williams.

निम्नलिखित पाठों पर ही प्रश्न पूछे जायंगे—(१) Charles-Lamb—Poor Relations (२) Hazlitt—On going a Journey (३) Light Hunt—Getting up on Cold mornings (४) Stevenson—Walking Tour (५) A. Milne—A Village Celebration (६) Harold Nicholson—A Defence of Shyness (७) J. B. Priestley—On Doing Nothing (८) Neville Garden–W. G. (९) Robert Lyud—On not Being a Philosopher (१०) E. V. Lucas—A Funeral

(ख) आलोचनात्मक अध्ययन

Dickens—Great Expectations (Abridged Edition)

इस ग्रन्थ से संदर्भ-प्रदर्शनपूर्वक व्याख्या नहीं पूछी जायगी।

सहायक-ग्रन्थ—

अंग्रेजी साहित्य का इतिहास (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

नाटक—शेक्सपीयर का Merchant of Venice—(ग्रान्ड

बुक डिपो—इलाहाबाद) इसमें आलोचनात्मक और व्याख्यात्मक प्रश्न पूछे जायंगे।

अंकों का विभाजन—गद्य—५० अंक। आलोचनात्मक गद्य—१५ अंक। नाटक—३५ अंक।

प्रश्नपत्र २—पद्य, अनुवाद और निबन्ध

(क) Palgrave's Golden Treasury (मैकमिलन प्रेस, कलकत्ता) से निम्नलिखित कवियों की कविताओं तथा काव्यगत विशेषताओं का अध्ययन आवश्यक होगा :

Gray—Elegy, Written in a Churchyard,
Wordsworth—Ode to Duty, Immortality Ode,
The Solitary Reaper,
Simen Lee, Skylarks,
I wandered Lonely as a cloud,
Shelley—Ode to West Wind, Skylark,
Flight of Love, Swiftly walk over
Keats—Nightingale Ode, Grecian
Urn, Autumn Ode
Tennyson—Tears, Idle Tears, Crossing the Bar,
Lotus Eaters
Bridges—Nightingales

(ख) Arnold—Sohrab & Rustam
(Grand Book Depot, Allahabad)

कवियों और कविताओं पर आलोचनात्मक तथा व्याख्यात्मक प्रश्न होंगे।

अंकों का विभाजन इस भांति होगा—

(क) विभाग के पद्यों में	५० अंक।
(ख) विभाग के पद्य में	१० अंक।
अनुवाद—१५ अंक, निबन्ध २५ अंक	१०० अंक।

कृषिशास्त्र

प्रश्नपत्र १—कृषिशास्त्र, जानवरों के रोग और उत्पत्ति

सहायक-ग्रन्थ—

कृषिशास्त्र—तेजशंकर कोचक (कृषिशास्त्र कार्यालय, बुलंदशहर)

युक्त प्रान्त में कृषि की उन्नति—एस० बी० सिंह, डाइरेक्टर कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

पशुओं का इलाज—परमेश्वरी प्रसाद गुप्त (सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली)

फल-संरक्षण—गोरख प्रसाद (विज्ञान-परिषद्, प्रयाग)

शाक-भाजी—नारायण दुलीचंद व्यास (लीडर प्रेस, प्रयाग)

पैमाइश-प्रबोध—हजारी लाल पाण्डेय (मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, इन्दौर)

कृषि-कार्य—शीतला प्रसाद तिवारी (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

उत्तर प्रदेश की प्रमुख फसलें—दूधनाथ सिंह (साहित्य मन्दिर प्रेस लिमिटेड, लखनऊ)

प्रश्नपत्र २—ग्रामीण् अर्थशास्त्र और ग्राम सुधार

सहायक-ग्रन्थ—

हमारे गांव और किसान—मुख्तार सिंह (सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली)

भारत में कृषि-सुधार—दयाशंकर दुबे (हिन्दी पुस्तक एजेन्सी, काशी)

ग्राम-आन्दोलन की आवश्यकता—जे० सी० कुमारप्पा (अखिल भारत ग्राम-उद्योग-संघ, वर्धा)

सहकारिता का उदय और विकास (हिन्दी प्रकाशन मंदिर, प्रयाग)

तेलघानी—झबेर भाई पटेल (अखिल भारत ग्राम-उद्योग-संघ, वर्धा)

कृषि-सुधार का मार्ग—बैजनाथ प्रसाद यादव (कृषि सुधार कार्यालय, गौरा, रायबरेली)

गांवों की समस्या—शंकरसहाय सक्सेना और प्रेमनारायण माथुर (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

ग्राम्य-अर्थशास्त्र—दुबे और सक्सेना (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

कानून कब्जा आराजी, संयुक्त प्रान्त, १९३९ (रामनारायण लाल, कटरा, प्रयाग)

यू० पी० पंचायत राज्य एक्ट—जयप्रकाश शर्मा (गौतम बुक डिपो, देहली)

यू० पी० जमींदारी उन्मूलन एक्ट

दर्शन शास्त्र

प्रश्नपत्र १—गद्य और नाटक

सहायक-ग्रंथ—

दर्शन का प्रयोजन—भगवानदास (ज्ञान मण्डल लिमिटेड, बनारस)

ईश्वर—महामना पं० मदनमोहन मालवीय (गीताप्रेस, गोरखपुर)

दर्शन की रूपरेखा—मेरठ हि० सा० स० के दर्शन परिषद् के सभापति उमेश मिश्र का अभिभाषण (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

पाश्चात्य तत्व विज्ञान परिचय—अशोक कुमार वर्मा (पुस्तक भंडार, पटना)

आत्मविद्या—माधवराव सप्रे (साहित्य-भवन लि०, प्रयाग)

श्री शंकराचार्य का आचार दर्शन—रामानन्द तिवारी (हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग)

